दिव्य दर्शन श्याम का | By Sachin Sharma

दिव्य दर्शन है बाबा का दिव्य ये दरबार है
दिव्य श्याम की मूर्ति और दिव्य ये श्रृंगार है
दिव्य हैं ये प्रेमी सारे बैठे हैं दरबार में
दिव्य श्याम का नूर है जो फैला है संसार में
श्याम .....जय जय जय श्री श्याम

आपकी कृपा से बाबा हो रहे सब काम है
आपकी कृपा से बाबा जग में मेरा नाम है
आपकी कृपा से बाबा ले रहे हम श्वास हैं
आपकी कृपा ही बाबा जगत में विख्यात है
धाम ऊँचा नाम ऊँचा सच्चा ये दरबार है
आपका गुणगान बाबा कर रहा संसार है
श्याम .....जय जय जय श्री श्याम

भक्त तेरे दर पे आये हाथ अपने पसार कर
एक आशा सबकी है बाबा तू हमसे प्यार कर
हम तो तेरे दास हैं हम सबको तेरी आस है
तेरे ही तो दर्श की भक्तों को तेरे प्यास है
दिव्यता का भान बाबा हमको तेरा हो गया
अब तो बेडा पार सचिन हम जो सबका हो गया
श्याम .....जय जय जय श्री श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a5%8d%e0%a4%af-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-sachin-sharma/